पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 19 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 04.09.2023

दिनांक 03/04-09-2023 को रात्रि थाना आशियाना 03, आलमबाग 01, चौक 01, गोमतीनगर 01, काकोरी 03, मड़ियांव 08, सुशान्तगोल्फ सिटी 02 एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना मलिहाबाद 02, निगोहा 02 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 19 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना माल-दिनांक 04.09.2023 को उ0नि0 श्री सूरज शनीम थाना माल लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय महिला आरक्षी हमराह के अभियुक्ता 01-मुन्नी पत्नी स्व0 मुनेश्वर निवासिनी ग्राम अकबरपुर थाना माल लखनऊ को अकबरपुर डामर रोड माल लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अदद प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

डी0सी0पी0 उत्तरी

थाना गुडम्बा-दिनांक 03.09.2023 को उ0नि0 श्री अभिषेक पाण्डेय थाना गुडम्बा लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01-सन्दीप कुमार सचान पुत्र राम बिहारी सचान हाल पता- 655/446 बसुन्धरा बिहार कालोनी गन्ने का पुरवा थाना गुडम्बा लखनऊ, मूल निवासी ग्राम खैराबाद थाना जहानाबाद जिला फतेहपुर उम्र 32 वर्ष को आदिल नगर मैदान के बगल मे बनी झोपडी के पीछे थाना गुडम्बा से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से अवैध रूप से बिक्री करते हुए 2.4 लीटर (10 अदद कागज के टेट्रा पैक विन्डीज मजेदार (मसाला) देशी शराब एक 02 अदद टेट्रा पैक विन्डीज (मसाला) देशी शराब बरामद कर थाना गुडम्बा पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

जुआ खेलते समय गिरफ्तार।

थाना बीकेटी-दिनांक 03.09.2023 को एस0आई0 श्री हाशिम रजा रिजवी थाना बीकेटी द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01.दरोगा सिंह पुत्र स्व0 गनेश सिंह निवासी राजापुर इन्दौरा थाना बीकेटी लखनऊ उम्र करीब 47 वर्ष 02.अजीत सिंह पुत्र स्व0 मुनेश्वर सिंह निवासी राजापुर इंदौरा थाना बीकेटी लखनऊ उम्र करीब 44 वर्ष 03.कमलेश पुत्र मुनाई निवासी साढामऊ थाना बीकेटी लखनऊ को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान शिवकुमार सिंह की मार्केट की छत पर तहसील मोड़ इन्दौराबाग से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते मालफड़ 2000/- रु0 व जामा तलाशी के 3010/- रूपये नकद बरामद कर थाना बीकेटी पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना पीजीआई-दिनांक 04.09.2023 को थाना पीजीआई द्वारा बताया गया कि श्री दिग्विजय सिंह पुत्र स्व0 मंगलनाथ निवासी-बंगाली टोला कली पश्चिम थाना पीजीआई लखनऊ ने थाना पीजीआई पर सूचना दिया कि आज दिनांक 04.09.2023 को उसका छोटा भाई नमननाथ उम्र करीब 12 वर्ष जो सुबह करीब 08.30 बजे बकरी चराने के लिए घर से निकला था, घर से करीब 500 मीटर दूरी पर देवी सिंह खेड़ा के पास स्थित तालाब में बकरी को पानी पिलाते समय फिसलकर तालाब में गिर गया और जिस कारण से तालाब मे डूबने से नमननाथ उपरोक्त की मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री वीर बहादुर दुबे मो0नं0- 8887842232 थाना पीजीआई द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>थाना गुडम्बा</u>-दिनांक 04.09.2023 को थाना गुडम्बा द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती शैला जोशी निवासी- म0नं0 ए-107, नेहरू विहार कल्याणपुर थाना गुडम्बा लखनऊ ने थाना गुडम्बा पर सूचना दिया कि वादिनी का सीतापुर में एसबीआई में खाता है। दिनांक 01.09.2023 को सुबह करीब 08.28 बजे वादिनी के मोबाइल पर एक राजीव गुप्ता नाम के व्यक्ति, मो0नं0- 9666852076 से फोन आया जिसने वादिनी से कहा कि वादिनी के योनो एप को अपडेट करना है। उक्त व्यक्ति द्वारा वादिनी के खाते से संबधित जानकारी मैसेज बाक्स में टाईप करने को कहा और फिर दोबारा कॉल करके उक्त राजीव नाम के व्यक्ति ने अर्जेन्ट अपग्रेडेशन की बात बोलकर वादिनी को बातों में उलझाकर वादिनी के खाते संबन्धित जानकारी हासिल कर लिया और वादिनी के उक्त खाते से पूरी धनराशि 2,50,000/-रूपये निकाल लिये गये। **इस सूचना पर थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0 343/2023 धारा 420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>थाना गोमतीनगर</u>-दिनांक 04.09.2023 को थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि श्री हरि थापा पुत्र विष्णु थापा निवासी- नरही हजरतगंज लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि उसे दिनांक 04.09.2023 को प्रातः करीब 05.30 बजे जानकारी हुयी कि उसका साला समीर दमये उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र राजेन्द्र दमये हालपता-उजरियां गांव गोमतीनगर लखनऊ स्थायी निवासी-नेपाल, दंग घोरही ने दिनांक 03/04.09.2023 को रात्रि करीब 02.00 बजे अपने लखनऊ स्थित किराये के उक्त मकान में कमरे को अन्दर से बन्द कर टीनशेड के पाइप से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अमरनाथ मौर्या मो0नं0- 8381912363 थाना गोमतीनगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक समीर उपरोक्त किसी दुकान पर चायनीज फूड बनाने का काम करता था। मृतक विवाहित था।